पत्र संख्या-स्था-5(ख)-स्थानान्तरण नीति-2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25// १८०५ // राज्य कर

कार्यालय-आयुक्त राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक :: ३० जुलाई, 2024

समस्त जोनल अपर आयुक्त,
राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कृपया यू0पी0 राज्य कर, मिनिस्टीरियल स्टाफ एशोसियेशन उ0प्र0 के पत्र संख्या-06 दिनांक-23-07-2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि सचलदल एवं वि0अनु0शा0 इकाईयों में कार्यरत कर्मचारियों का स्थानान्तरण मुख्यालय द्वारा जारी स्थानान्तरण नीति के अनुसार स्थानान्तरण नही किया जा रहा है।

अतः यू0पी0 राज्य कर, मिनिस्टीरियल स्टाफ एशोसियेशन उ0प्र0 के पत्र संख्या-06 दिनांक-23-07-2024 की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर नियमानुसार कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

(सुनील कुमार वर्मा)
अपर आयुक्त (प्रशासन)राज्य कर,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र सं0 व दिनांक उक्त

प्रतिलिपिः- निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि यह परिपत्र विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

2- अध्यक्ष / महामंत्री यू0पी0 राज्य कर, मिनिस्टीरियल स्टाफ एशोसियेशन उ0प्र0 को सूचनार्थ प्रेषित।

30-7-24
(प्रबल कुमार)
संयुक्त आयुक्त (स्था0अराज0)राज्य कर
मुख्यालय लखनऊ।

जय शक्ति कलयुगे
कर्मचारी एकता

जय संगठन

जय शक्ति सर्वदा
जिन्दाबाद

U.P. STATE TAX MINISTERIAL STAFF ASSOCIATION, U.P.

यू.पी. राज्य कर मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन, उ.प्र.

(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त G.O.No. S.T. 2677/X-918 B/55 द्वारा सितम्बर, 1955)
कार्यालय : 5 मीराबाई मार्ग, वाणिज्य कर भवन, हजरतगंज, लखनऊ-226001
सम्बद्ध- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0

जय प्रकाश मौर्य
(प्रान्तीय अध्यक्ष)
कैम्प कार्यालय
मो. 9044489444, 9793793065
E-mail: jpmauryahtc@gmail.com

बिपिन चौधरी
(प्रान्तीय महामंत्री)
मो. 7906110713

पत्रांक 06 दिनांक 23/07/24

1653 Addl. Comm. (प्रशासन)

सेवा में,

मा0 आयुक्त राज्य कर,
उ0प्र0, लखनऊ।

विषय :- सचलदल एवं वि0अनु0शा0 में कार्यरत कर्मचारियों के स्थानान्तरण के संबंध में।

महोदय,

अनुरोध करना है कि विगत कई वर्षों से सचलदल एवं वि0अनु0शा0 इकाईयों में कार्यरत कर्मचारियों का स्थानान्तरण मुख्यालय के स्थानान्तरण नीति के अनुसार होता रहा है। वर्तमान स्थानान्तरण सत्र में सचलदल एवं वि0अनु0शा0 इकाईयों में कार्यरत कर्मचारियों की कट ऑफ डेट का स्पष्ट आदेश जारी न होने के कारण असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व वर्षों की भांति अनेकों जोन के अधिकारियों द्वारा सचलदल एवं वि0अनु0शा0 में कार्यरत कर्मचारियों के स्थानान्तरण कर दिये गये हैं जबकि **जोन--मुरादाबाद, सहारनपुर, कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर** में स्थानान्तरण अभी तक नहीं हो पाया है जिससे स्थानान्तरण में असमानता व्याप्त हो गयी है। प्रदेश में स्थानान्तरण नीति में एकरुपता न होने के कारण कर्मचारियों में असंतोष की भावना उत्पन्न हो रही है।

अतः अनुरोध है कि संबंधित जोनल अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर को सचलदल व वि0अनु0शा0 में कार्यरत कार्मिकों के स्थानान्तरण हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने की कृपा करें जिससे प्रदेश में स्थानान्तरण नीति में एकरुपता आ सके।

संघ आपका आभारी रहेगा।

भवदीय,
(हस्ताक्षर)
(जय प्रकाश मौर्या)
प्रान्तीय अध्यक्ष

भवदीय,
(हस्ताक्षर) 23/07/24
(बिपिन चौधरी)
प्रान्तीय महामंत्री

अपर आयुक्त (स्था0 अ0 प्रशा0)

अपर आयुक्त 24/07/2024

अपर आयुक्त (ग्रेड-1) 24.07.2024

565